## जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

## प्रेस विज्ञप्ति





गोरखपुर, 15 मई : पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा रेल परिसर,प्लेटफार्मों एवं गाड़ियों की साफ–सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत आन बोर्ड हाउस कीपिंग सेवा लागू की गई है । इस सेवा के अन्तर्गत सुबह 05.00 बजे से 09.00 बजे तथा शाम 16.00 बजे से 20.00 बजे गुजरने वाली गाड़ियों में ठहराव के दौरान कोचों के शौचालय वेस्टिबुल एरिया वाश बेसिन, डस्टबिन तथा यात्री कक्ष की सफाई एवं पोछा लगाना, वातानुकूलित यानों में एयर फ्रेशनर का छिडकाव, खिडकियों के शीशे की केमिकल से सफाई, वातानुकूलित कोचों के यात्रियों को लिक्विड सोप एवं टिशू पेपर रोल उपलब्ध कराना, कोच में एकत्र कूड़ा का निस्तारण आदि कार्य तत्परता से किया जाता है।

पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के अन्तर्गत गोरखपुर से गुजरने वाली 20 मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में ''आन बोर्ड हाउस कीपिंग सर्विस'' उपलब्ध कराया गया है। यह सेवा निम्न ट्रेनों में उपलब्ध है –

- 15018/15017 गोरखपुर–लोकमान्य तिलक टर्मिनस–गोरखपुर दादर एक्सप्रेस
- 12511/12512 गोरखपुर–त्रिवेन्द्र–गोरखपुर राप्ती सागर एक्सप्रेस
- 12589/12590 गोरखपुर–सिकन्दराबाद–गोरखपुर एक्सप्रेस
- 12591/12592 गोरखपुर–बंगलौर–गोरखपुर एक्सप्रेस
- 12555/12556 गोरखपुर–रोहतक–गोरखपुर गोरखधाम एक्सप्रेस
- 12587/12588 गोरखपुर–जम्मूतवी–गोरखपुर अमरनाथ एक्सप्रेस
- 15097/15098 बरौनी–जम्मूतवी–बरौनी अमरनाथ एक्सप्रेस
- 15048/15047 गोरखपुर–कोलकाता–गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस
- 15050/15049 गोरखपुर–कोलकाता–गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस
- 15052/15051 गोरखपुर–कोलकाता–गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस

इसी प्रकार वाराणसी मण्डल के छपरा रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करने वाली 15159/15160 छपरा–दुर्ग–छपरा सारनाथ एक्सप्रेस तथा इज्जतनगर मण्डल के काठगोदाम एवं रामनगर स्टेशनों से प्रस्थान करने वाली क्रमशः 15013/15014 काठगोदाम–भगत की कोठी–काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस तथा 25013/25014 रामनगर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–रामनगर लिंक एक्सप्रेस में आन बोर्ड हाउस कीपिंग की सुविधा उपलब्ध है। 15035/15036 काठगोदाम–दिल्ली–काठगोदाम उत्तरांचल एक्सप्रेस तथा 25035/25036 रामनगर–दिल्ली–रामनगर एक्सप्रेस में आन बोर्ड हाउस कीपिंग की सुविधा शीघ्र ही उपलब्ध हो जायेगी।

इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे से गुजरने वाली इतर रेलवे की 26 मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में आन बोर्ड हाउस कीपिंग की सुविधा उपलब्ध है।

- 13019/13020 हावड़ा–काठगोदाम–हावड़ा बाघ एक्सप्रेस
- 12521/12522 बरौनी–एर्नाकुलम–बरौनी राप्तीसागर एक्सप्रेस
- 12553/12554 बरौनी–नई दिल्ली–बरौनी वैशाली एक्सप्रेस
- 12557/12558 मुजफ्फरपुर–आनन्द विहार–मुजफ्फर सप्तक्रांति एक्सप्रेस
- 15203/15204 बरौनी–लखनऊ–बरौनी एक्सप्रेस
- 12565/12566 दरभंगा–नई दिल्ली–दरभंगा बिहार सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस
- 12573/12574 रक्सौल–दिल्ली–रक्सौल सत्याग्रह एक्सप्रेस
- 11037/11038 गोरखपुर–पुणे–गोरखपुर एक्सप्रेस
- 11123/11124 बरौनी–ग्वालियर–बरौनी एक्सप्रेस
- 19037/19038 गोरखपुर–बांद्रा टर्मिनस–गोरखपुर एक्सप्रेस
- 19039/19040 मुजफ्फरपुर–बांद्रा–मुजफ्रपुर एक्सप्रेस
- 18201/18202 नौतनवां–दुर्ग–नौतनवां बाया भटनी एक्सप्रेस
- 18205/18206 नौतनवां–दुर्ग–नौतनवां बाया फैजाबाद एक्सप्रेस



आन बोर्ड हाउस कीपिंग के कार्यों की समीक्षा यात्रियों द्वारा दी गई प्रतिक्रिया के आधार पर रेल अधिकारियों द्वारा नियमित की जाती है। यात्रियों की जागरूकता हेतु आन बोर्ड हाउस कीपिंग के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों के विवरण का स्टीकर कोच के अन्त में लगाया गया है। इस स्टीकर पर सम्बन्धित रेलवे का हेल्प लाइन तथा आन बोर्ड हाउस कीपिंग सेवा प्रदाता का भी मोबाइल नम्बर अंकित है यात्रा के दौरान यात्री गण किसी भी समय कोच में पानी एवं सफाई की आवश्यकता हेतु उक्त मोबाइल पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस कार्य हेतु कोच में चल रहे कण्डक्टर/टी.टी.ई. से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

...........

## <u>जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर</u>

## <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोरखपुर, 15 मई : मूलतः यात्री प्रधान पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा अपने सम्मानित यात्रियों को अधिकतम यात्री सुविधायें प्रदान कर रेल परिवहन व्यवस्था में उनका विश्वास और दृढ़ करने के प्रयास निरन्तर जारी हैं। तीव्र, सुरक्षित, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हर स्तर पर समर्पित एवं समेकित प्रयास किये जा रहे हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक श्री के.के.अटल के कुशल निर्देशन में किये जा रहे प्रयासों के अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो रहे हैं तथा यात्री संख्या में हो निरन्तर वृद्धि इन्हीं प्रयासों का परिणाम है ।

पूर्वोत्तर रेलवे के सन्दर्भ में वित्त वर्ष 2013–14 की सुखद शुरूआत हुई है। इस रेलवे के अनुपनगरीय (नान–सब अरबन) यात्रियों की संख्या में माह अप्रैल,2013 में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलों में पूर्वोत्तर रेलवे ने पहला स्थान हासिल किया है। इस वर्ग में केवल पूर्वोत्तर रेलवे ने ही गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सकारात्मक प्रगति की है। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल,2013 में पूर्वोत्तर रेलवे पर 20.43 लाख नान–पी.आर.एस. तथा 1.14 लाख पी.आर.एस. कुल 21.57 लाख यात्रियों ने यात्रा की। यह गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह उपलब्धि निश्चित रूप से पूर्वोत्तर रेलवे की कार्य प्रणाली एवं कार्यकुशलता की विश्वसनीयता में यात्रियों के बढ़ते विश्वास की झलक है।

........................

# जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर
## प्रेस विज्ञप्ति

गोरखपुर, 15 मई : पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक श्री पी.एन.राय के प्रभावी मार्गदर्शन में सतर्कता विभाग की गतिविधियों में आयी गतिशीलता की मिसाल उस समय सामने आयी जब सतर्कता निरीक्षकों की टीम ने आर.पी.एफ. इन्सपेक्टर के रूप में यात्रा कर रहे एक फर्जी व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ लिया।

विश्वस्त सूत्रों से यह सूचना मिलने पर कि एक व्यक्ति आर.पी.एफ. द्वारा जारी पास पर अवैध रूप से यात्रा कर रहा है, सतर्कता विभाग के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/यातायात श्री डी.के.वर्मा ने सक्रियता दिखाते हुये तत्काल सतर्कता निरीक्षकों सर्वश्री रंजय कुमार सिन्हा,अरविन्द पाण्डेय तथा रमेश पाण्डेय की एक टीम गठित कर अपेक्षित कार्यवाही का निर्देश दिया। 13 मई,2013 को लखनऊ से जबलपुर जा रही 15009 एक्सप्रेस के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के ए–। कोच के बर्थ संख्या–26 पर यात्रा कर रहे व्यक्ति ने सतर्कता टीम द्वारा पूछताछ के दौरान यह कबूला कि वह आर.पी.एफ. का फर्जी निरीक्षक बनकर यात्रा कर रहा है। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम रामहेतु जायसवाल बताया जो आलमबाग,लखनऊ का 57 वर्षीय गल्ला व्यापारी है। जॉच के दौरान यह ज्ञात हुआ कि पी.एन.आर. संख्या 244–7190054 पर आरक्षित इस बर्थ को 06 मई,2013 को जारी आर.पी.एफ. के स्पेशल क्लास ड्यूटी पास पर बुक किया गया था जो सेकेण्ड क्लास में एक कांस्टेबल के लिये भी मान्य था।

लखनऊ से कानपुर के बीच हुये सतर्कता विभाग के इस छापे से भौचक्का इस फर्जी व्यक्ति ने थोड़ी हीला–हवाली के बाद सब कुछ सच–सच उगल दिया। कार्यवाही के दौरान कोच के टी.टी.ई. श्री एम.पी.टुडू ने पूरा सहयोग कर अपना दायित्व निभाया। सतर्कता टीम के सदस्यों ने सभी कागजात सहित मुजरिम को आगे की कानूनी कार्यवाही हेतु उत्तर मध्य रेलवे के कानपुर सेण्ट्रल स्टेशन के आर.पी.एफ. प्रभारी के सुपुर्द कर दिया ।

.......................

# जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

## प्रेस विज्ञप्ति

गोरखपुर, 15 मईः प्रतीक्षा सूची के यात्रियों की सुविधा के लिये रेल प्रशासन द्वारा 06 जोड़ी मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में विभिन्न तिथियों को विभिन्न स्थानों से वातानुकूलित एवं शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

- 15008 लखनऊ जं0–मण्डुआडीह कृषक एक्सप्रेस में 15 मई,2013 को लखनऊ जं0 से वातानुकूलित टू टियर श्रेणी का 01 कोच
- 15007 मण्डुआडीह–लखनऊ जं0 कृषक एक्सप्रेस में 16 मई,2013 को मण्डुआडीह से वातानुकूलित टू टियर श्रेणी का 01 कोच
- 15008 लखनऊ जं0–मण्डुआडीह कृषक एक्सप्रेस में 17 मई,2013 को लखनऊ जं0 से शयनयान श्रेणी का 02 कोच
- 15007 मण्डुआडीह–लखनऊ जं0 कृषक एक्सप्रेस में 18 मई,2013 को मण्डुआडीह से शयनयान श्रेणी का 02 कोच
- 15009 लखनऊ जं0–जबलपुर एक्सप्रेस में 17 मई,2013 को लखनऊ जं0 से शयनयान श्रेणी का 01 कोच
- 15010 जबलपुर–लखनऊ जं0 एक्सप्रेस में 18 मई,2013 को जबलपुर से शयनयान श्रेणी का 01 कोच
- 15014 काठगोदाम–भगत की कोठी एक्सप्रेस में 17 मई,2013 को काठगोदाम से शयनयान श्रेणी का 01 कोच
- 15013 भगत की कोठी–काठगोदाम एक्सप्रेस में 19 मई,2013 को भगत की कोठी से शयनयान श्रेणी का 01 कोच
- 15028 गोरखपुर–हटिया मौर्य एक्सप्रेस में 17 मई,2013 को गोरखपुर से शयनयान श्रेणी का 01 कोच
- 15027 हटिया–गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस में 18 मई,2013 को हटिया से शयनयान श्रेणी का 01 कोच
- 15004 गोरखपुर–कानपुर अनवरगंज चौरीचौरा एक्सप्रेस में 16 मई,2013 को गोरखपुर से शयनयान श्रेणी का 01 कोच
- 15003 कानपुर अनवरगंज–गोरखपुर चौरीचौरा एक्सप्रेस में 17 मई, 2013 को कानपुर अनवरगंज से शयनयान श्रेणी का 01 कोच

.......................

**Public Relations Department,**
**North Eastern Railway,Gorakhpur**
Press releases


Mr.K.K.Atal, G.M./NER

Gorakhpur, May 15 : North Eastern Railway, primarily a passenger oriented system, is toiling hard to provide optimum traveling facilities to its valued passengers to win over their confidence. Concerted efforts are being made at all levels to ensure speedy, safe, secured and comfortable rail travel. Various measures taken in this sphere by railway administration under the able stewardship of Mr.K.K.Atal, General Manager have fetched desired results reflecting in increase in the number of passengers.

For North Eastern Railway the financial year 2013-14 has started with a promising note. There has been a remarkable growth in the number of Non-sub urban passengers on North Eastern Railway in the month of April,2013 and it has clinched first place among all zonal railways of Indian Railways. According to statement released by Railway Board, only North Eastern Railway has shown a positive growth as compared to same period of last year in this segment. As per Railway Board's statistics 20.43 lacs Non-P.R.S. passengers traveled on this railway apart from 1.14 lacs P.R.S. passengers bringing the total to 21.57 lacs in the month of April,2013. This shows an increase of 2.23 percent as compared to the figure of same period of previous year. This achievement is a sheer reflection of growing passengers' belief in the credibility of the working and efficiency of the system of North Eastern Railway.

………..